संख्या–912 / पांच–5–2020

प्रेषक

प्राणेश चन्द्र शुक्ल,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

निदेशक,
संचारी रोग,
उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा अनुभाग–5 **लखनऊः दिनांक 20 अप्रैल, 2020**

विषय–कोविड–19 की टेस्टिंग हेतु सभी मण्डल मुख्यालयों में बी0एस0एल0–3 टेस्टिंग लैब एवं समस्त जिला अस्पतालों में कोविड–19 का सैम्पल कलेक्शन सेंटर स्थापित करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मा0 मुख्यमंत्री जी के पत्र दिनांक 03.04.2020 में दिए गए निर्देशों के क्रम में चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्या–455(1)/71–3–2020 दिनांक 20.04.2020 की छायाप्रति संलग्न संलग्न प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की गयी हैः–

1. प्रदेश के 06 मण्डल मुख्यालय यथा मुरादाबाद, बरेली, अलीगढ, वाराणसी, विन्धाचल (मीरजापुर) एवं देवीपाटन (गोण्डा) में मेडिकल / संस्थान नहीं है। उक्त मण्डल मुख्यालय में स्थित विद्यमान अस्पतालों में बी0एस0एल0–3 टेस्टिंग लैब स्थापित किए जाने एवं इस हेतु सभी आवश्यक स्टॉफ एवं मेडिकल इक्विपमेंट एवं मैन पावर की व्यवस्था किए जाने के संबंध में कार्यवाही की जाए।
2. प्रदेश के समस्त जनपदों के जिला अस्पतालों में कोविड–19 का सैम्पल कलेक्शन सेंटर स्थापित करने के संबंध में अग्रिम कार्यवाही की जाए।

2– कृपया उपरोक्त बिन्दुओं के संबंध में शासन को दिनांक 21.04.2020 तक प्रस्ताव शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(प्राणेश चन्द्र शुक्ल)
उप सचिव

संख्या–912(1)/पांच–5–2020 तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा, अनुभाग–3 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव

vijay/GO/COME-3